Rapid Fire (करेंट अफेयर्स): 21 मार्च, 2023

विश्व गौरैया दिवस

प्रत्येक वर्ष **20 मार्च को** विश्व गौरैया दिवस **मनाया जाता** है, यह गौरैया के संरक्षण और सुरक्षा के बारे में जागरूकता बढ़ाने हेतु नामित किया गया है, क्योंकि विश्व स्तर पर गौरैया की संख्या घट रही है। **विश्व गौरैया दिवस 2023 की थीम "आई लव स्पैरो" है,** जिसका उद्देश्य **मानव और गौरैया के बीच संबंधों के प्रति** अधिक-से-अधिक लोगों को जागरूक करना है। त्रा**वणकोर नेचर हिस्ट्री सोसाइटी (TNHS)** द्वारा किये गए सर्वेक्षण के अनुसार, तिरुवनंतपुरम शहर में **गौरैया** की आबादी में उल्लेखनीय कमी दर्ज की गई है। इसकी जनसंख्या में गिरावट का कारण चरम गर्मी और शहरी क्षेत्रों में भोजन की अनुपलब्धता को माना गया है।

और पढ़ें... विश्व गौरैया दिवस

हर्स्टार्ट (herSTART)

हाल ही में भारत सरकार ने **महिलाओं के नेतृत्व वाले स्टार्टअप्स** के लिये **'हर्स्टार्ट (herSTART)' प्लेटफॉर्म** के तहत **एक वर्ष तक के लिये 20,000 रुपए के मासिक भत्ते की घोषणा** की है। महिलाओं के नेतृत्व वाले व्यावसायिक उद्यम देश में रोज़गार के अवसर पैदा कर, जनसांख्यिकीय बदलाव लाकर और महिला संस्थापकों की अगली पीढ़ी को प्रेरित करके समाज में उल्लेखनीय भूमिका निभा रहे हैं। **HerSTART महिला उद्यमियों के नवाचार और स्टार्टअप प्रयासों को बढ़ावा देने हेतु एक मंच है** और यह उन्हें विभिन्न सरकारी एवं निजी उद्यमों से जुड़ने में भी मदद करता है। भारत में कम-से-कम 36 यूनिकॉर्न और संभावित यूनिकॉर्न में कम-से-कम एक महिला संस्थापक अथवा सह-संस्थापक है। भारत विभिन्न पहलों, योजनाओं, नेटवर्क और समुदायों के माध्यम से महिलाओं के नेतृत्व वाली उद्यमिता का निर्माण करने तथा स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र में विभिन्न हितधारकों के बीच साझेदारी को सक्रिय करने पर ध्यान केंद्रित कर रहा है। वर्तमान में जनवरी 2023 तक विश्व भर की 47 कंपनियों ने डेकाकॉर्न का दर्जा हासिल कर लिया है (ऐसे स्टार्टअप जिनका मूल्य 1 बिलियन डॉलर से अधिक है)। वर्तमान में भारत में **फ्लिपकार्ट, बायजू, नायका, स्विगी** और **फोनपे के रूप में पाँच स्टार्टअप** डेकाकॉर्न में शामिल हैं।

कलानिधि पुरस्कार 2023

हाल ही में कर्नाटक गायिका **बॉम्बे जयश्री**, जो गायन की अपनी मधुर एवं मग्न शैली (Meditative Style) के लिये जानी जाती हैं तथा**भारत सरकार द्वारा** इन्हें पद्मश्री पुरस्कार प्रदान किया गया है, को **वर्ष 2023 के संगीत अकादमी के संगीत कलानिधि पुरस्कार** के लिये चुना गया है। संगीत कलानिधि पुरस्कार को **कर्नाटक संगीत के क्षेत्र में** सर्वोच्च पुरस्कार माना जाता है तथा यह वर्ष 1942 में अस्तित्व में आया। इस पुरस्कार के तहत एक स्वर्ण पदक और प्रशस्ति पत्र दिया जाता है। **वसंतलक्ष्मी नरसिम्हाचारी** को नृत्य के लिये नृत्य कलानिधि पुरस्कार हेतु चुना गया है। वसंतलक्ष्मी नरसिम्हाचारी भरतनाट्यम **एवं** कुचिपुड़ी **दोनों में उत्कृष्ट हैं।**

शत्रु संपत्तियाँ

1 करोड़ से 100 करोड़ रुपए के बीच मूल्य की शत्रु संपत्ति का निपटान इलेक्ट्रॉनिक नीलामी के माध्यम से **भारत के शत्रु संपत्ति के अभिरक्षक** द्वारा किया जाएगा, जो **शत्रु संपत्ति अधिनियम, 1968** के तहत बनाया गया है या जैसा कि केंद्र सरकार और **शत्रु संपत्ति निपटान समिति** द्वारा निर्धारित किया गया है। **रक्षा संपदा महानिदेशालय** द्वारा किये गए एक सर्वेक्षण में **CEPI द्वारा पहचान की गई शत्रु संपत्तियों** की **वर्तमान** स्थिति और **मूल्य** का आकलन किया गया है। देश में शत्रु संपत्ति में कुल 12,611 प्रतिष्ठान शामिल हैं, जिनका मूल्य एक लाख करोड़ रुपए से अधिक है। CEPI में निहित 12,611 **संपत्तियों में से 12,485 पाकिस्तानी नागरिकों** से संबंधित और **126 चीनी नागरिकों से संबंधित** थीं। **उत्तर प्रदेश में सबसे अधिक शत्रु संपत्तियाँ एवं आंध्र प्रदेश तथा अंडमान और निकोबार द्वीप समूह** में **सबसे कम शत्रु संपत्तियाँ** में पाई गईं।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/rapid-fire-current-affairs-21-march-2023